हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, गुरुवार 25 जून 2026


तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री


10 आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण की स्थायी प्रतीक्षा सूची ...



12 ब्लॉक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में विधायक ...





# उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में शुरू होगी हॉर्नबिल सफारी, मंत्री की पहल

## स्थानीय युवाओं को मिलेगा रोजगार, पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

प्रदेश के उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व में वन्यजीव संरक्षण और सामुदायिक विकास को नई दिशा देने वाली एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। वन मंत्री केदार कश्यप की पहल पर रिजर्व प्रबंधन द्वारा विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के गांवों ओढ़, अमलोर और आमामोरा में हॉर्नबिल सफारी प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। यह पहल दुर्लभ मालाबार पाइड हॉर्नबिल के संरक्षण को मजबूती देने के साथ–साथ स्थानीय ग्रामीणों के लिए रोजगार और आय के नए अवसर भी सृजित करेगी। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख अरुण कुमार पाण्डेय तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी ओ.पी. यादव के मार्गदर्शन में उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व में कई नवाचार ▶▶|शेष पेज 10 पर

### मध्य भारत का उभरता बर्डिंग डेस्टिनेशन

रायपुर से लगभग 130 किलोमीटर दूर स्थित उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व तेजी से मध्य भारत के प्रमुख बर्डिंग और नेचर टूरिज्म केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। यहां मालाबार पाइड हॉर्नबिल के अलावा शाहीन बाज, भारतीय पिट्टा, ब्राउन फिश आउल, ग्रे–हेडेड फिश ईगल, विभिन्न प्रजातियों के कठफोड़वा, बार्बेट, मिनिवेट सहित अनेक स्थानीय और प्रवासी पक्षियों की विविधता देखने को मिलती है।





### वन्यजीवों की समृद्ध जैव विविधता का केंद्र

यह क्षेत्र पक्षियों के साथ–साथ भारतीय विशाल गिलहरी इंडियन जायंट क्विवरल और भारतीय विशाल उड़न गिलहरी इंडियन जायंट फ्लाइंग क्विवरल जैसे दुर्लभ वन्यजीवों के लिए भी प्रसिद्ध है। यही कारण है कि यह क्षेत्र प्रकृति और वन्यजीव प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है।

### *हॉर्नबिल ट्रैकिंग टीम की अहम भूमिका*

*हॉर्नबिल संरक्षण के लिए गठित विशेष ट्रैकिंग टीम लगातार पक्षियों की गतिविधियों, घोंसलों और आवास क्षेत्रों की निगरानी कर रही है। वन विभाग के कर्मचारियों के साथ स्थानीय ट्रैकर्स भी इस अभियान से जुड़े हुए हैं। उनके सतत प्रयासों से ओढ़, अमलोर और आमामोरा के आसपास का वन क्षेत्र आज हॉर्नबिल के सुरक्षित आवास और आकर्षक बर्डिंग स्थल के रूप में विकसित हो चुका है। प्रस्तावित हॉर्नबिल सफारी के माध्यम से पर्यटक, पक्षी प्रेमी, वन्यजीव फोटोग्राफर और शोधकर्ता प्राकृतिक वातावरण में हॉर्नबिल का अवलोकन कर सकेंगे। सफारी के संचालन के लिए प्रारंभिक चरण में दो जिप्सी वाहनों की व्यवस्था की गई है।*

# गोहरापदर में हजारों आदिवासियों ने तीर धनुष लेकर निकाली विशाल रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- विधायक, पूर्व संसदीय सचिव, आदिवासी समाज के प्रमुख सहित अन्य हुए शामिल

तहसील मुख्यालय से 60 किमी दूर विकासखण्ड के ग्राम गोहरापदर में बुधवार को वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस के अवसर पर आदिवासी समाज द्वारा ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आदिवासी समाज के लोग हजारों की संख्या में अपने पारंपरिक हथियार तीर धनुष, फरसा के साथ ही वेशभूषा में शामिल हुए। बिन्द्रानवागढ़ के विधायक जनक ध्रुव, पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी, पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, अमात गोड़ समाज अध्यक्ष जयसिंग शांडिल्य, ध्रुव गोड़ समाज अध्यक्ष लंबुधर ध्रुव एवं समाज प्रमुख, वरिष्ठजन द्वारा वीरांगना रानी दुर्गावती एवं देवी- देवताओं की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान ▶▶|शेष पेज 10 पर




### रानी दुर्गावती का बलिदान देशवासियों को सदैव प्रेरणा देता रहेगा : डॉ. हीरा मीणा



**मैनपुर**। रानी दुर्गावती का बलिदान देशवासियों को सदैव प्रेरणा देता रहेगा। उनके शहादत दिवस पर हम सभी को संकल्प लेने की जरूरत कि समाज को उन्नति के राह पर ले जाने के लिए संगठित होने की जरूरत है। उक्त बातें दिल्ली यूनिवर्सिटी के पूर्व प्रोफेसर समाज सेविका डॉ. हीरा मीणा ने मैनपुर में आयोजित वीरांगन रानी दुर्गावती ▶▶|शेष पेज 10 पर

# पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल 60 आरक्षक को इधर से उधर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- प्रशासनिक कसावट के लिए कवायद

जिले में पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा प्रशासनिक आधार पर बड़ा फेरबदल किया गया है। पुलिस अधीक्षक गरियाबंद द्वारा जारी आदेश के तहत जिले में पदस्थ 60 आरक्षकों का अस्थायी स्थानांतरण किया गया है। यह व्यवस्था आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगी।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी आदेश क्रमांक 2801/2026 के अनुसार स्थानांतरित आरक्षकों को तत्काल प्रभाव से नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश 24 जून 2026 को जारी किया गया।

जारी सूची के अनुसार थाना गरियाबंद में पदस्थ आरक्षकों को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों एवं इकाइयों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इनमें अमलीपदर, छुरा, देवभोग, फिंगेश्वर, मैनपुर, पाण्डुका तथा राजिम थानों के अलावा आरक्षित केंद्र गरियाबंद की विभिन्न शाखाएं शामिल हैं।तबादला सूची में सर्वाधिक आरक्षकों की तैनाती छुरा, देवभोग, फिंगेश्वर एवं राजिम थाना क्षेत्रों में की गई है। पुलिस विभाग के इस कदम को कानून-व्यवस्था को मजबूत करने तथा पुलिस बल के बेहतर प्रबंधन की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आदेश का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।


प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त (पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
मो.न. - 8103982557



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
25 जून 2026
कूपन नं. 5



2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in


## खबर संक्षेप

### 2 किलो गांजा जब्त, दो युवक गिरफ्तार



**गरियाबंद**। जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गरियाबंद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 2.090 किलोग्राम अवैध गांजा जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थाना गरियाबंद पुलिस और स्पेशल टीम ने संयुक्त रूप से की। 23 जून की शाम थाना प्रभारी गरियाबंद को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कोकड़ी रोड से दो युवक अलग-अलग टीवीएस स्कूटी में गांजा लेकर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर ग्राम कोकड़ी चौक के पास तैनात पुलिस जवानों ने संदिग्ध वाहनों को रोककर पूछताछ की। मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी गई, जिसके बाद थाना स्टाफ और स्पेशल टीम मौके पर पहुंची और दोनों युवकों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से अवैध गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम इमरान अली उर्फ दादू 31 वर्ष तथा रवि शास्त्री उर्फ सागर 20 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 15, गरियाबंद बताया। दोनों के कब्जे से कुल 2.090 किलो गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 4 हजार 500 रुपये है, जब्त किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) के तहत अपराध दर्ज कर उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कार्रवाई के बाद आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

# पतोरी और घोघरा में जल जीवन मिशन योजना का कार्य अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



- ग्रामीणों का आरोप – विभागीय मिलीभगत और पैसों के बंदरबांट की आशंका, उच्च स्तरीय जांच की मांग

केंद्र एवं राज्य सरकार की जल जीवन मिशन योजना का उद्देश्य हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है, लेकिन फिंगेश्वर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गनियारी के आश्रित ग्राम पतोरी और घोघरा में यह योजना गंभीर अनियमितताओं, लापरवाही और कथित भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती दिखाई दे रही है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पतोरी में 81 लाख 8 हजार तथा ग्राम घोघरा में 62 लाख 94 हजार की लागत से जल जीवन मिशन के तहत कार्यों की स्वीकृति 9 अक्टूबर 2022 को प्रदान की गई थी। तीन वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी दोनों गांवों में निर्माण कार्य अधूरे पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों को आज तक योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। आरएफक्यू प्रोसेसर एम आर जागेश्वर मरकाम है।

ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा पाइपलाइन विस्तार के लिए गांव की गलियों में जगह-जगह गड्ढे खोदकर कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। कई स्थानों पर निर्माण सामग्री और रॉ मटेरियल लंबे समय तक बिखरे पड़े रहे। आवागमन में गंभीर परेशानी होने के कारण ग्रामीणों ने स्वयं अपने खर्चे से गड्ढों को भरवाया। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बोर खनन कार्य अधूरे पड़े हैं तथा कुछ स्थानों पर बोरवेल खुले ढक्कनों के साथ छोड़ दिए गए हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पतोरी में आधे-अधूरे कार्यों के बावजूद लगभग स्वीकृत राशि का 25 प्रतिशत राशि का बिल भुगतान किए जाने की चर्चा है, जिससे सरकारी धन के बंदरबांट और वित्तीय अनियमितता की आशंका गहरा गई है। वहीं घोघरा में टंकी निर्माण शुरूआत कर छोड़ दिया है वहां राशि आहरित नहीं हूआ है, लेकिन काम शुरू कर छोड़ दिया है। विभागीय अधिकारी कड़ी कार्रवाई ठेकेदार को करने बजाय चुप्पी साधे है। स्वीकृत कार्यों के अंतर्गत ग्राम पतोरी में 90 मिमी एवं 110 मिमी व्यास की यूपीवीसी पाइपलाइन की आपूर्ति, बिछाने, जोड़ने, इंटरकनेक्शन, वाल्व एवं विशेष फिटिंग लगाने, छह माह परीक्षण एवं कमीशनिंग, सबमर्सिबल पंप की स्थापना, कंट्रोल पैनल, ड्राई रन प्रोटेक्शन, क्लैंप, बोर कैप तथा दो स्विच रूम निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल थे। ग्रामीणों के अनुसार इनमें से कई कार्य आज भी अधूरे हैं अथवा गुणवत्ताहीन तरीके से किए गए हैं। सरपंच गनियारी सरोज भीखम लोहिले, पतोरी निवासी उपसरपंच महेश साह, युवराज साहू,पंच मिनाक्षी साहू,पुष्पी भुषण साहू,रामती रोमांसिंग मार्कडेय, ▶▶|शेष पेज 10 पर

### बाइक मवेशी से टकराई विधायक ने घायल को पहुंचाया अस्पताल



**मैनपुर**। नेशनल हाइवे 130 सी में फुलझर मोड़ के पास आज रात 8 बजे के आसपास एक मोटर साइकिल चालक मवेशियों से टकरा गया, जिससे गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसी दौरान देवभोग से मैनपुर की ओर लौट रहे बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने घायल युवक को देखकर तत्काल अपनी गाड़ी रूकवाई। संजीवनी एक्सप्रेस 108 को फोन कर घटनास्थल पर बुलवाया और युवक को मैनपुर अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों को उपचार करने का निर्देश भी दिया। विधायक जनक ध्रुव ने बताया मवेशी से टकराने से युवक गिरकर घायल हो गया था। सड़क किनारे लोगों की भीड़ लगी थी तत्काल एंबुलेंस को बुलाया और मैनपुर अस्पताल भेजा गया।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass) • C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
REGISTRATION OPEN
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444



RAIPUR TVS


अपने शहर में TVS के साथ सफलता की नई शुरुआत करें!
TVS मोटर कंपनी का अधिकृत डीलर बनने का सुनहरा अवसर!
विश्वास एवं प्रतिष्ठित ब्रांड
व्यापक स्तर पर ग्राहक वर्ग की गारंटी
कंपनी की ओर से शुरू से लेकर अंत तक सहयोग

रायपुर: गुढ़ियारी, भनपुरी, चंद्रखुरी, खरोरा, धरसींवा, मंदिर हसौद
गरियाबंद: छुरा, अमलीपदर, धवलपुर, झाकरपारा, पांडुका
आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर
शोरूम फ्रंटेज 25-30 फीट
शोरूम एवं वर्कशॉप 1800 वर्ग फीट
जिनके पास अपनी स्वयं की भूमि/स्थान उपलब्ध है, ऐसे आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी।
-: संपर्क करें :-
TVS मोटर कंपनी
रोहित कुमार मिश्रा
मो.: 9630575680
RAIPUR TVS
मनोज जसवानी
मो.: 9300674450, 9826591002

## खबर संक्षेप

### नगर पंचायत में लोक कल्याण मेला लगा



**फिंगेश्वर।** नगर पंचायत फिंगेश्वर में सोमवार नगर पंचायत भवन में मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में लोककल्याण मेला का आयोजन किया गया। भारत सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना का उद्देश्य शहरी पथ विक्रेताओं को आत्म निर्भर बनाना है। इस महोत्सव के तहत विशेष शिवरों का आयोजन किया गया, जिसमें अधिक से अधिक शहरी पथ विक्रेताओं को स्वनिधी ऋण, ऑनलाइन भुगतान, पूर्व में प्रस्तुत किए गए ऋण आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई की सुविधा प्रदान की गई। इसके साथ ही वेंडर्स को शासन की अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं को से जोड़ने के लिए नागरिको को प्रोत्साहित किया गया। शिविर में आये आवेदनकर्ताओं में पात्र हितग्राहियों को पहली किश्त के रूप में 15 हजार रूपए, द्वितीय किश्तमें 25 हजार रूपए और तृतीय किश्त में 50 हजार रूपए के लिए आवेदन कराया गया।

### श्रमिकों के बच्चों को 12वीं तक मिलेगी निःशुल्क आवासीय शिक्षा

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए संचालित अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश लेने वाले पात्र विद्यार्थियों को प्रदेश के चयनित निजी आवासीय विद्यालयों में कक्षा 12वीं तक निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। जिला श्रम पदाधिकारी सुश्री जयंती बसंल ने बताया कि गरियाबंद जिले को इस योजना के तहत 5 सीटों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इच्छुक पंजीकृत निर्माण श्रमिक अपने बच्चों के लिए 3 जुलाई तक विभागीय वेब पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय, सत्ता के लिए कुचला संविधानः यज्ञदत्त शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

25 जून 1975 को देश में इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया था और विपक्ष के नेताओं को जेल में ठुसा था। इतिहास के इस काले अध्याय को लेकर बुधवार दोपहर राजिम रेस्ट हाउस में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ राज्य मंत्री दर्जा यज्ञदत्त शर्मा ने राजिम विधायक रोहित साहू की मौजूदगी में एक प्रेस कांफ्रेंस लेकर बताया कि वह एक ऐसा काला दिवस था जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती थी। इंदिरा गांधी की सरकार ने न केवल विपक्ष के नेताओं को जेल में ठुसा बल्कि बड़ी यातनाएं भी दी गई। बताया कि 25 जून 1975 का वह दिन भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला दिन था। इसी तारीख को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सत्ता बचाने के लिए संविधान और लोकतंत्र दोनों को कुचल कर आंतरिक अशांति का हवाला देते हुए देश पर आपातकाल थोप दिया था। 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक का 21 महीने की अवधि में भारत में आपातकाल घोषित था।

श्री शर्मा ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि आपातकाल एक राजनीतिक षड्यंत्र था, न कि कोई राष्ट्रीय संकट। इंदिरा गांधी सत्ता में बने रहने के लिए संविधान, लोकतंत्र और जन-अधिकारों को कुचल दिया था। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 की रात सिर्फ एक तिथि नहीं, बल्कि लोकतंत्र की हत्या का प्रतीक बन चुकी है। प्रेस की स्वतंत्रता को खत्म कर दिया गया, समाचार पत्रों की बिजली काटी गई, सेंसरशिप थोप दी गई और हजारों निर्दोष नागरिकों, नेताओं और पत्रकारों को जेलों में ठूंस दिया गया। आज जब कांग्रेस सत्ता से बाहर है, तब वह लोकतंत्र की दुहाई देती है, लेकिन जब सत्ता में होती है, तब विरोध की हर आवाज को दबाने का प्रयास करती है। इमरजेंसी लगाने के तुरंत बाद अखबारों के दफ्तरों की बिजली काट दी गई ताकि ज्यादातर अखबार अगले दिन आपातकाल का समाचार ना छाप सकें। आपातकाल के दौरान 3801 अखबारों को जब्त किया गया। 327 पत्रकारों को मीसा कानून के तहत जेल में बंद कर दिया गया। 290 अखबारों में सरकारी विज्ञापन बंद कर दिए गए। रॉयटर्स सहित कई विदेशी न्यूज एजेंसियों के टेलीफोन और दूसरी सुविधाएं काट दी गई। 51 विदेशी पत्रकारों की मान्यता छीन ली गई। 29 विदेशी पत्रकारों को भारत में एंट्री देने से मना कर दिया गया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि जब देश में जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी जैसे नेता लोकतंत्र की रक्षा में जेलों में बंद थे, तब इंदिरा गांधी ने अपने पुत्र संजय गांधी को अघोषित सत्ता का केंद्र बना दिया था। उन्होंने कहा कि आज भाजपा देश की जनता को उस कालखंड की सच्चाई याद दिला रही है ताकि फिर कभी कोई सत्ता के लालच में देश को तानाशाही की ओर न धकेल सके।





## ग्रापं छुईहा में 293, चरौदा में 243 प्राप्त सूची में आपत्तियों के निराकरण के बाद होगी अपलोड

# आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण की स्थायी प्रतीक्षा सूची का ग्रामसभा में सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

फिंगेश्वर विकासखंड के सभी ग्रामपंचायतों में 24 जून को विशेष ग्रामसभा की गई। जिसका मुख्य एजेंडा आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण की स्थायी प्रतीक्षा सूची का वाचन और सत्यापन था।

■ वाचन कर मौजूद लोगों को दी जानकारी

इस पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना के वास्तविक पात्र हितग्राहियों का चयन किया गया है। क्षेत्र के ग्राम पंचायत चरौदा, छुईहा ,बारूला में आवास प्लस 2.0 की सिस्टम जनरेटेड स्थायी प्रतीक्षा सूची को सार्वजनिक रूप से पढ़कर सुनाया गया । ताकि सभी ग्रामीण इसे समझ सके। ग्राम सभा में यदि किसी पात्र परिवार का नाम छूट गया है या अपात्र व्यक्ति का नाम जुड़ गया है, तो आम नागरिक ग्रामसभा में ही अपना दावा या आपत्ति दर्ज करये गये। ग्राम पंचायत छुईहा में 293 , चरौदा में 243 प्राप्त सूची में आपत्तियों के निराकरण के बाद, ग्रामसभा से अनुमोदित अंतिम प्राथमिकता सूची को आवास सॉफ्टवेयर आवास पोर्टलपर अपलोड करने की कार्रवाई की जायेगी ।



**सूची में नाम नहीं होने पर जाहिर की नाराजगीः** सभा में यह बात भी खुलकर आई की जिनको पीएमआवास मिल चुका है या पति पत्नी किसी के नाम लाभान्वित है तो अपात्र श्रेणी में रखा गया है। कुछ का नाम सूची में शामिल नहीं होने से अपनी नाराज़गी व्यक्त की है। इस बार पीएमआवास से अलग रह रहे सदस्य परिवार भी लाभान्वित हो रहे हैं।

**ये रहे उपस्थितः** ग्राम पंचायत चरौदा सरपंच गजानन साहू, उपसरपंच सुरज पटेल, सचिव चेतन साहू, सरपंच विद्या देवी सिन्हा, उपसरपंच गजेश्वर सिन्हा, सचिव, वहीं ग्राम पंचायत भवन बारूला सरपंच सुकदेव साहू सहित हितग्राही, ग्रामवासी उपस्थित थे।

### हर गरीब को पक्का मकान दिलाने विधायक रोहित की पहल



**राजिम।** मोदी की आवास गारंटी को जमीन पर उतारने विधायक रोहित साहू ने कहा कि 24 जून से शुरू हुए आवास प्लस 2.0 सर्वे पक्के मकान के हक के लिए ग्रामीण विशेष रूप से ग्रामसभाओं में अवश्य पहुंचे। विधायक श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के प्रत्येक आवासहीन परिवार को पक्का आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 24 जून से आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ होने जा रही है। इस महत्वपूर्ण अभियान को लेकर राजिम विधायक रोहित साहू ने क्षेत्र की जनता से अपील की है कि वे अपने-अपने ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं में अनिवार्य रूप से शामिल हों और पात्र परिवारों का नाम सूची में दर्ज कराने की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएं। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा है कि देश का कोई भी गरीब परिवार बिना पक्के मकान के न रहे, और इसी संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण का कार्य शुरू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस सर्वेक्षण के तहत सिस्टम जनरेटेड स्थायी प्रतीक्षा सूची का ग्राम सभाओं में वाचन, अवलोकन और परीक्षण किया जाएगा। विधायक साहू ने जानकारी दी कि शासन की मार्गदर्शिका और एसओपी के अनुसार ग्राम सभाओं में प्राथमिकता सूची तैयार की जाएगी, साथ ही सूची में नाम जोड़ने, हटाने या त्रुटि सुधार के लिए दावा-आपत्ति भी प्राप्त की जाएगी। ग्राम सभा से अनुमोदन के बाद निर्धारित प्रक्रिया के तहत इस स्थायी प्रतीक्षा सूची को आवास सॉफ्टवेयर में अपलोड किया जाएगा, ताकि पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ सुनिश्चित किया जा सके।

# चीतल का शिकार करके सब्जी बनाने वाले दो ग्रामीण गिरफ्तार

**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के घने जंगलों मे वन्यजीव चीतल का शिकार कर सब्जी बनाने वाले दो ग्रामीणों को एंटी पोचिंग टीम ने गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार 21 जून को उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व गरियाबंद में गठित एंटी पोचिंग टीम को गोपनीय सूचना मिली थी कि ग्राम–अमाड़ में वन्यप्राणी का शिकार किया गया है। एन्टी पोचिंग टीम उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व, डाग स्क्वाड एवं वन परिक्षेत्र उत्तर उदंती मैनपुर स्टॉफ द्वारा पतासाजी की गई। सर्च वारंट जारी कर नरेश कुमार भुजिया तथा बालाराम सोरी के घर का तलाशी ली गई। उनके घर से टिफिन में वन्यप्राणी चीतल मांस की सब्जी, खून से सने तीर 4 नग, खरगोश फंदा 5 नग, मयूर पंख 7 नग, बाज पंख 4 नग, धनुष 2 नग, धनुष गुलेल 2 नग एवं अन्य शिकार करने का सामाग्री बरामद की गई। दोनों ही आरोपियों को पूछताछ के लिए वन परिक्षेत्र कार्यालय उत्तर उदंती (व.प्रा.) मैनपुर लाया गया। पूछताछ के दौरान नरेश कुमार ने बताया कि 17 जून को तीर धनुष से तारीपानी घाट में शिकार करना स्वीकार किया। 22 जून को शिकार स्थल शिनाख्त के लिए ले जाया गया। परिसर रक्षी रक्शापथरा भूपेंद्र भेड़िया द्वारा अपराध में संलिप्त नरेश कुमार पिता ठेल सिंग उम्र 31 वर्ष ग्राम अमाड़ पोआ तौरेंगा, बालाराम सोरी पिता धनीराम सोरी उम्र 39 वर्ष ग्राम अमाड़ के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 31, 39(1) क (घ) 50, 51,52 के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 38/03 दर्ज किया गया। परिक्षेत्र सहायक अमाड़ पुनाराम साहू द्वारा गिरफ्तार। कर जिला एवं अपर सत्र न्यायालय गरियाबंद मे पेश किया गया। जब्त चीतल के मांस के टुकड़ों को परिरक्षित कर फोरेंसिक जांच हेतु स्कूल ऑफ वाइल्डलाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ जबलपुर मप्र को भेजा गया है।




**कार्रवाई में इनका रहा योगदानः** कार्रवाई में एन्टी पोचिंग टीम के नोडल अधिकारी गोपाल कश्यप सहायक संचालक उदंती मैनपुर, परिक्षेत्र अधिकारी सुश्री ज्योति ध्रुव एवं परिक्षेत्र सहायक पुनाराम साहू, भूपेन्द्र कुमार भेड़िया, रिंकी जोशी गेमगार्ड, पामेश्वरी नेताम वनरक्षक, ललिता मरकाम वनरक्षक, टंकेश्वर देवांगन वनरक्षक, योगेश कुमार दीवान वनरक्षक, अजय कुमार जगने गेमगार्ड, रोहित, पवन कुमार निषाद के साथ समस्त वन परिक्षेत्र उत्तर उदंती एवं डॉग स्क्वाड टीम का विशेष योगदान रहा।

# नव प्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर कराया गया शाला प्रवेश




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डुका

अंचल के ग्राम पंचायत अतरमरा में खंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान नव प्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश कराया गया।

इसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू, वन सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, जनपद सदस्य दुलारी साहू, जनपद सदस्य युवराज साहू, ग्राम पंचायत सरपंच केजा बाई, उपसरपंच येस कुमार सिन्हा, किशन कँडरा हाई स्कूल शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष टीकम सिन्हा, प्राथमिक शाला समिति अध्यक्ष जगत राम सिन्हा, नेहरू साहू अध्यक्ष प्रतिनिधि फिंगेस्वर सहित, जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद चंद्राकर, सांख्यिकी अधिकारी श्याम चंद्राकर, खंड शिक्षा अधिकारी के के मतावाले, खंड स्त्रोत समन्वयक प्रेम मार्कण्डेय, सहायक शिक्षा अधिकारी विनोद सिन्हा, प्रिंसिपल पाण्डुका युवराज साहू, प्रिंसिपल बी देवांगन अतरमरा, प्रिंसिपल मुरमुरा, सांकरा घटकर्रा, बूथ अध्यक्ष भाजपा रामकुमार यादव, हेमंत निर्मलकर, सहित ग्राम पंचायत के पंचगण, पाण्डुका अंचल के शिक्षक शिक्षिकाओं सहित भारी संख्या में ग्रामीण व स्कूली बच्चे शामिल हुए, विधायक द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर फूल माला पहनाए मिठाई खिलाकर पुस्तक वितरण किया गया साथ ही विधायक रोहित साहू को ग्राम पंचायत अतरमरा के पदाधिकारियों ने नवीन हायर सेकेंडरी विद्यालय भवन निर्माण व आहता निर्माण के लिए मांग पत्र दिया गया। विधायक रोहित साहू ने नवप्रवेशी बच्चों को धन्यवाद देते हुए नियमित स्कूल आकर अपने सपने को पूरा करने का लक्ष्य लेने की बात कही। बच्चों को अपने सपने सच करने लिय मेहनत करने को कहा तथा नव प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में विधायक रोहित साहू ने सब स्टेशन के लिय स्वीकृति, मुक्तिधाम निर्माण के लिय घोषणा, बाजार चौक में टीना शेड विस्तार व ग्राम में सीसी रोड निर्माण की घोषणा की।

### शाला प्रवेश उत्सव पर छात्र और ग्रामीणों को किया जागरूक, नशामुक्ति की दिलाई शपथ



**छुरा।** शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर नगर के शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छुरा में विद्यार्थियों को विभिन्न सामाजिक एवं कानूनी विषयों पर जागरूक करने हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में थाना छुरा पुलिस द्वारा छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, नशामुक्ति, यातायात नियमों, महिला सुरक्षा, पाक्सो अधिनियम तथा विभिन्न सुरक्षा संबंधी उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर गंगवाल ने विद्यार्थियों को बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाता, एटीएम कार्ड, ओटीपी, पासवर्ड अथवा अन्य गोपनीय जानकारी साझा नहीं करने की सलाह दी। साथ ही सोशल मीडिया का सुरक्षित एवं जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें तथा निकटतम थाना में सूचना दें। छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा के लिए संचालित समाधान एवं अभिव्यक्ति ऐप के बारे में भी जानकारी देते हुए इन्हें डाउनलोड करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यातायात नियमों की जानकारी देते हुए हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने की समझाइश दी गई। इसी क्रम में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा में भी छात्राओं को महिला संबंधी अपराधों, बाल संरक्षण कानून, पाक्सो अधिनियम, साइबर सुरक्षा तथा आत्मरक्षा के उपायों की जानकारी प्रदान की गई। छात्राओं को किसी भी प्रकार की प्रताड़ना, छेड़छाड़ अथवा अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं आदिवासी वीरांगना महारानी रानी दुर्गावती बलिदान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को भी पुलिस विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से साइबर सुरक्षा, नशामुक्ति, महिला सुरक्षा, ऑनलाइन ठगी से बचाव एवं सामाजिक कुरीतियों के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाते हुए समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प कराया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर गंगवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष...

### उदंती-सीतानदी टाइगर...

किए जा रहे हैं, जिनसे वन्यजीव संरक्षण और ग्रामीण विकास को एक साथ बढ़ावा मिल रहा है। उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व में पिछले चार वर्षों के दौरान मालाबार पाइड हॉर्नबिल की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। यह सफलता एंटी–पोचिंग अभियान, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, फलदार वृक्षों के संरक्षण एवं रोपण तथा 'हॉर्नबिल रेस्टोरेंट' जैसी अभिनव पहल का परिणाम है। स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी ने भी इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

क्या है हॉर्नबिल सफारी

हॉर्नबिल सफारी से तात्पर्य हॉर्नबिल पक्षियों को देखने के लिए की जाने वाली वन्यजीव सफारी या हॉर्नबिल से जुड़े प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों से है हॉर्नबिल मुख्य रूप से जंगलों, विशेषकर पश्चिमी घाट और मध्य भारत के नम पर्णपाती और सदाबहार वनों में रहना पसंद करता है।

**स्थानीय युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण और रोजगार** – हॉर्नबिल सफारी की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता स्थानीय समुदायों की भागीदारी है। पीवीटीजी गांवों के युवाओं और ग्रामीणों को बर्ड वॉचिंग तथा नेचर गाइड का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद वे पर्यटकों के लिए नेचर गाइड और हॉर्नबिल गाइड के रूप में कार्य करेंगे। इससे उन्हें स्थायी आय और रोजगार का अवसर मिलेगा तथा सामुदायिक आधारित इको–टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा।

### गोहरापदर में हजारों...

अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने बलिदान दिवस पर रानी दुर्गावती के अदम्य साहस, शौर्य ,बलिदान को नमन करते हुए कहा कि रानी दुर्गावती ने किसी के आगे घुटने नहीं टेके और मातृभूमि की रक्षा के लिए, अपने प्राण न्यौछावर कर दिया, मातृभूमि की रक्षा के लिए रानी दुर्गावती का बलिदान देशवासियों को सदैव प्रेरणा देती रहेगा। श्री ध्रुव ने आगे कहा आदिवासी समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। देश के आजादी के लिए हजारों आदिवासियों ने अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया है। पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी ने अपने संबोधन मे कहा हम सभी यहां गोड़वाना की महान वीरांगना रानी दुर्गावती की शहादत पर एकत्र हुए हैं, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देकर अद्वितीय साहस स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया। रानी दुर्गावती शौर्य व साहस की प्रतीक हैं। पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी ने कहा हम सभी का दायित्व है कि इन विभूतियों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं। समाज में एकता समरसता, शिक्षा विकास और राष्ट्र निर्माण के कार्यो में सक्रिय योगदान दें। इस मौके पर लोकेन्द्र सिंह कोमर्रा, हेमसिंग ध्रुवा, दुर्योधन पाथर, भोले मांझी, कन्हैया मांझी, जय पाथर, कमलेश मांझी, ठिकनेश्वर मरकाम, भीमसेन मरकाम, मोहन नेताम, कांतीलाल पाथर, जबरसिंग नागेश, धनसिंग मरकाम, केसरी नागेश, चरणसिंग नागेश, रोहित नागेश, भरत मरकाम, संगीता मांझी, श्रुती ध्रुवा, अर्जुन नायक, पुनित नागेश, अभीराम मरकाम, मोहन जगत, जोगेन्द्र मरकाम, केसरी सिंह, धरमसिंह, हेमोबाई नागेश, हलमन ध्रुव, महेन्द्र सोमवंशी, सत्यवान सोरी, दशरथ ओटी, जगमोहन ओटी, गयाराम नेताम,. हरिशंकर मांझी, नेहरू, घनश्याम सोरी, जितेन्द्र मांझी, जगतराम मरकाम, धनसिंग मरकाम सहित हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

### रानी दुर्गावती का बलिदान...

बलिदान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर विधायक जनक ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, आदिवासी नेता महेन्द्र नेताम, जनपद सदस्य प्रताप मरकाम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, निहाल नेताम, श्रीमती कुंजाम एवं आदिवासी समाज के वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम समाज प्रमुखों द्वारा रानी दुर्गावती की छायाचित्र की पूजा अर्चना की और रैली निकाल गगनभेदी नारे लगाये। इस दौरान विधायक जनक ध्रुव ने कहा गोड़वाना सम्राज्य शासिका वीरांगना रानी दुर्गावती के साहस और बलिदान को आज सभी नमन कर रहे हैं। उन्होंने समाज को एकजूट रहने का आह्वान किया। जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने कहा रानी दुर्गावती के युद्ध कला के आगे मुगल शासक भी नतमस्तक थे, आज आदिवासी समाज को और अधिक संगठित करने सभी तन मन धन से जूट जायेंगे, आदिवासी समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है देश के आजादी के लिए हजारो लाखो आदिवासियो ने अपने प्राणो को न्यौछावर कर दिया है। आदिवासी समाज के वरिष्ठ नेता महेन्द्र नेताम ने बलिदान दिवस पर रानी दुर्गावती के अदम्य साहस, शौर्य,बलिदान को नमन करते हुए कहा कि रानी दुर्गावती किसी आगे घुटने नही टेके, और मातृभुमि की रक्षा के लिए, अपने प्राण न्यौछावर कर दिया, मातृभूमि की रक्षा के लिए रानी दुर्गावती का बलिदान देशवासियों को सदैव प्रेरणा देता रहेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से मैनपुरकला सरपंच गजेन्द्र नेगी, दुलेन्द्र नेगी, सुभाश मरकाम, सोहन नागेश, गुंजेश कपिल, गगन नेगी, सुधीर राजपूत, दामोदर नेगी, धनसिंग नेगी, वेदप्रकाश नागेश, पप्पू ध्रुव, ईश्वर ध्रुव, विशेश्वर ध्रुव, गोवर्धन ध्रुव, धनंजय ध्रुव, कॉमेश्वरी ध्रुव, खिलेंद्री फरस, लुकेश्वरी ठाकुर, झरना मरकाम, कमलकिशोर सन्डे, योगेश मरकाम सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

### पतोरी और घोघरा में...

ग्राम अध्यक्ष संतोष साहू, रोहित साहू, पुरूषोत्तम साहू,पूर्व जनपद सभापति भुपेश्वरी साहू सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार कलेक्टर, विधायक, सांसद एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को शिकायतें दी जा चुकी हैं। जनसमस्या समाधान शिविरों में भी बार-बार आवेदन प्रस्तुत कर निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने की मांग की गई, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।

## नाम परिवर्तन सूचना

नाबालिग पुत्र के नाम परिवर्तन के मामले अभिभावक / पालक थनेश्वर साहू पिता मोहन साहू जाति तेली निवासी ग्राम पोंड़ तहसील छुरा जिला गरियाबंद (छ.ग.) राज्य ने अपने नाबालिग पुत्र का नाम पुराना नाम रेहनत साहू **REHNT SAHU** पिता थनेश्वर साहू से बदलकर नया नाम रेहांत साहू **REHANT SAHU** पिता थनेश्वर साहू रख लिया है।

**माता /पिता /पालक का हस्ताक्षर**
**थनेश्वर साहू**

# गायत्री जयंती पर सामूहिक जाप का आयोजन

**नवापारा-राजिम।** ग्राम परसदा में गायत्री जयंती मनाई गई। इस अवसर पर गायत्री जयंती की एक दिन पूर्व 24 घंटे का अखंड जाप कार्यक्रम रखा गया, जहाँ पर श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर यज्ञ,पूजन एवं गायत्री मंत्र के सामूहिक जाप में भाग लेते हुए यज्ञ के माध्यम से विश्व शांति, पर्यावरण संरक्षण,मानव कल्याण तथा बुद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर प्रज्ञा मंडल के संचालक यशवंत वर्मा ने कहा कि गायत्री मंत्र भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो मनुष्य के जीवन में ज्ञान,विवेक और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। गायत्री साधना व्यक्ति के विचारों को पवित्र बनाकर समाज एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रज्ञा मंडल के अध्यक्ष सूखेन साहू ने कहा कि गायत्री मंत्र भारतीय संस्कृति का एक महान आध्यात्मिक मंत्र है। गायत्री जयंती के पावन अवसर पर आयोजित अखंड जाप केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं,बल्कि आत्मशुद्धि,सदबुद्धि और लोक कल्याण का महायज्ञ है। गायत्री मंत्र का नियमित जप से मनुष्य के विचारों को पवित्र,जीवन को अनुशासित तथा समाज को संस्कारित बनाता है। सरपंच रमेश वर्मा ने कहा कि मां गायत्री की उपासना केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि जीवन को श्रेष्ठ बनाने का मार्ग है। गायत्री मंत्र हमें विवेक संयम और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देता है। कोषाध्यक्ष पूरन लाल साहू ने कहा कि गायत्री जयंती भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का पावन पर्व है। मां गायत्री को वेदमाता तथा ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी माना गया है। गायत्री मंत्र मानव जीवन को सद्बुद्धि, सदाचार और आत्मबल प्रदान करता है। तत्पश्चात एक कुण्डीय गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में भोलाराम वर्मा, प्रवीण कुमार वर्मा, धनऊ ध्रुवंशी,अशोक वर्मा, रामखिलावन साहू,आशाराम साहू, रमेश साहू, रवि साहू, अजय साहू, नेमीचंद साहू,हेमचंद साहू,चंदूलाल साहू, मृत्युंजय साहू,डेरहा राम साहू,मोहन साहू,उमाशंकर साहू,रोशन साहू, टीका राम साहू,गगन वर्मा, हिमालय ध्रुव,प्रीतम वर्मा, ठाकुर राम साहू,धनंजय साहू,उमेश्वरी साहू, डिगेश्वरी वर्मा,मौसमीमाला साहू आदि का सहयोग रहा।



HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
9 सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
9 सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
● गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
● एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
● सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
● बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
● आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
● TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### तेजेंद्र साहू का अग्निवीर प्रशिक्षण के लिए चयन

**राजिम।** राजिम क्षेत्र के लिए गर्व और खुशी की बात है कि ग्राम पांडुका के होनहार युवक तेजेंद्र साहू का चयन भारतीय सेना की प्रतिष्ठित अग्निवीर योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण के लिए हुआ है। उनके चयन की खबर मिलते ही पूरे गांव में उत्साह का माहौल बन गया। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने इसे गांव के युवाओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया है। प्रशिक्षण के लिए रवाना होने से पूर्व तेजेंद्र साहू का ग्रामवासियों ने आत्मीय स्वागत किया। ग्राम पंचायत पांडुका के सरपंच सुश्री भानू ध्रुव ,पंचगण तथा गांव के वरिष्ठ नागरिकों ने तेजेंद्र को बधाई दी। उन्होंने कहा कि देश सेवा का अवसर हर किसी को नहीं मिलता और तेजेंद्र ने अपनी मेहनत, लगन एवं अनुशासन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। सरपंच भानू ध्रुव ने कहा कि तेजेंद्र साहू की सफलता से पूरे गांव का नाम रोशन हुआ है। यह उपलब्धि क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी सेना में भर्ती होकर राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करेगी। तेजेंद्र साहू के चयन पर पूरे पांडुका क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है तथा लोगों ने उनके सफल सैन्य जीवन की मंगलकामना की है।



### अग्निवीर में चयनित युवा का पालिका परिवार ने किया सम्मान



**राजिम।** नगर के लिए गौरव का विषय बनते हुए राजिम के एक युवा का अग्निवीर में चयन होने पर नगर पालिका राजिम परिवार की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव ने समस्त पार्षदों एवं नगरवासियों की उपस्थिति में चयनित युवा का साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया तथा प्रशिक्षण के लिए रवाना होने पर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि देश की सेवा से बड़ा कोई धर्म और कर्तव्य नहीं है। उन्होंने कहा कि सेना में शामिल होकर राष्ट्र की रक्षा करना हर युवा के लिए सम्मान और गर्व की बात है। उन्होंने नगर के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में राजिम के युवा अग्निवीर, बीएसएफ एवं अन्य सैन्य एवं सुरक्षा बलों में भर्ती होकर देश सेवा में अपना योगदान दें। ऐसे युवा पूरे नगर और आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनते हैं। इस अवसर पर नगर पालिका के पार्षदगण, गणमान्य नागरिक एवं नगरवासी उपस्थित रहे और चयनित युवा का उत्साहवर्धन किया।

### ई-केवाईसी के बिना नहीं मिलेगा श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए पंजीकृत श्रमिकों का ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। श्रम पदाधिकारी सुश्री जयंती बंसल ने बताया कि ई-केवाईसी पूर्ण होने के बाद ही श्रमिक एवं उनके परिवार के सदस्य मंडल की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। जिन पंजीकृत श्रमिकों का ई-केवाईसी पूर्ण नहीं होगा, वे योजनाओं के लाभ से वंचित रह सकते हैं। उन्होंने जिले के सभी पंजीकृत श्रमिकों से अपील की है कि वे शीघ्र अपने नजदीकी लोक सेवा केंद्र अथवा च्वाइस सेंटर में जाकर ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण कराएं। ई-केवाईसी पूर्ण होने के बाद श्रमिकों को विभागीय योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के प्राप्त होगा। ई-केवाईसी के लिए निर्धारित शुल्क 20 रुपये प्रति केवाईसी रखा गया है। विभाग ने श्रमिकों से समय रहते ई-केवाईसी कराने की अपील की है।

### पॉलिटेक्निक में डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए द्वितीय चरण प्रवेश 26 से

**गरियाबंद।** शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय गरियाबंद में संचालित डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया 26 से 30 जून तक आयोजित की जाएगी। महाविद्यालय में सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग एवं माइनिंग इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम संचालित हैं।

### दी विकास कार्यों की सौगात

# ब्लॉक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में विधायक रोहित ने तिलक लगाकर किया बच्चों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद







ग्राम पंचायत अतरमरा में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत वन सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने की। शिक्षा के प्रति जागरूकता और नवप्रवेशी बच्चों के उत्साहवर्धन के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, अभिभावकों एवं ग्रामीणों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही।

इस अवसर पर जनपद सदस्य दुलारी साहू, युवराज साहू, सरपंच केजा बाई, उपसरपंच येस कुमार सिन्हा, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष टीकम सिन्हा, प्राथमिक शाला समिति अध्यक्ष जगतराम सिन्हा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि नेहरू साहू, जिला शिक्षा अधिकारी चंद्राकर, सांख्यिकी अधिकारी श्याम चंद्राकर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी के.के. मतावाले, खंड स्रोत समन्वयक प्रेम मार्कण्डेय, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद सिन्हा सहित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विधायक रोहित साहू ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, पुष्पमालाओं से स्वागत किया तथा मिठाई खिलाकर और पाठ्य सामग्री वितरित कर उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने, अनुशासित रहकर शिक्षा ग्रहण करने तथा कड़ी मेहनत और लगन के बल पर अपने सपनों को साकार करने का संदेश दिया। इस दौरान ग्राम पंचायत अतरमरा के पदाधिकारियों ने विधायक को विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विधायक रोहित साहू ने ग्राम में विद्युत सब-स्टेशन की स्वीकृति, मुक्तिधाम निर्माण, बाजार चौक में टीन शेड विस्तार तथा सीसी रोड निर्माण सहित कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों की घोषणा की। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। प्रस्तुति से प्रभावित होकर विधायक रोहित साहू ने बच्चों को प्रोत्साहन राशि प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। शाला प्रवेशोत्सव के इस आयोजन ने शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए बच्चों, अभिभावकों और समाज को सकारात्मक संदेश दिया। साथ ही शिक्षा और विकास के प्रति जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन की प्रतिबद्धता भी स्पष्ट रूप से सामने आई।

# शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी शक्ति, जो समाज और राष्ट्र विकास का है आधार



**छुरा।** कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी निषाद एवं विशिष्ट अतिथि एसएमडीसी अध्यक्ष अनीता सिन्हा थीं।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि नगर पंचायत के पार्षद सलीम मेमन, गरिमा ध्रुव, रजनी लहरे एवं बलराज पटेल सहित पालकगण रामेश्वर साहू, डागेश्वर साहू एवं कासिम मोहम्मद विशेष रूप से उपस्थित थे। अतिथियों ने नवप्रवेशी छात्राओं का तिलक लगाकर, पुष्प भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया। मुख्य अतिथि लोकेश्वरी निषाद ने कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है, जो समाज और राष्ट्र के विकास का आधार बनती है। एसएमडीसी अध्यक्ष अनीता सिंहा ने छात्राओं को नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य आशा रानी चतुर्वेदी ने सभी अतिथियों, पालकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों एवं आगामी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री भूपत कुमार कन्नौजे द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-व्याख्याता गण, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में नव प्रवेशी छात्राओं को पुस्तक वितरण किया गया एवं विद्यालय स्तर पर बोर्ड परीक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को विद्यालय स्तर एवं जन- प्रतिनिधियों द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। कक्षा दसवीं में तेजस्वी पिता सोहनलाल प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान वर्षा पिता ललित, तृतीय स्थान डिंपल पिता शालिगराम ,कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान दुर्गेश्वरी पिता चिंटूराम, द्वितीय स्थान तनुश्री मोगरे पिता प्रमोद मोगरे, तृतीय स्थान सोनिया ध्रुव पिता कंसराज एवं कक्षा नवमी में लालिमा पिता हरिश्चंद्र प्रथम, द्वितीय स्थान मुनेश्वरी ध्रुव पिता अमरीश ध्रुव, तृतीय स्थान राधा पिता विजय कुमार ,कक्षा ग्यारहवीं में प्रथम स्थान वर्षा द्वितीय स्थान चेतना साहू ,तृतीय स्थान रश्मि देवांगन पिता वीरेंद्र देवांगन, बोर्ड परीक्षा में वे शिक्षक जिन्होंने अपने विषय में 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले व्याख्याता को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड के साथ सम्मानित किया गया । इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन मौजूद रहा।

### यूनिफॉर्म मिलने पर छात्रों में बढ़ा स्कूल के प्रति उत्साह

**राजिम।** शासकीय विद्यालयों में नया शिक्षा सत्र 2026-27 नए उत्साह और उमंग के साथ प्रारंभ हो गया है। इस वर्ष सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को नई रंग-संयोजना वाली यूनिफॉर्म प्रदान किया गया, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, फोकटपारा किरवई में भी छात्र-छात्राएं नई यूनिफॉर्म पहनकर विद्यालय पहुंचे। विद्यार्थियों ने ब्लू चेक प्रिंट वाली शर्ट तथा स्लेटी ग्रे रंग की पैंट पहनकर विद्यालय में प्रवेश किया। नई वेशभूषा में बच्चे काफी आकर्षक और आत्मविश्वास से भरपूर नजर आए। उनके चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था।





### बकली में शाला प्रवेश उत्सव

**राजिम।** शास हाईस्कूल बकली में शाला प्रवेश उत्सव के दौरान प्राचार्य नाग ने पालकों से आग्रह किया कि बच्चों की पढ़ाई में आप लोग जरूर ध्यान दें। किरण साहू, सरपंच प्रतिनिधि हीराधर साहू, उपसरपंच प्रतिनिधि खेमचंद मिरी, लेखाचंद मल्होत्रा, जनपद प्रतिनिधि मुकेश भारती, मनहरण यदु ,सुधीर साहू ,पुष्पांजलि तिवारी ,सरोज सेन ,डोमिन निर्मलकर ने बच्चो को रोज स्कूल आने कहा। कार्यक्रम में शिक्षक किरण साहू ,अनीता साहू ,ओमप्रकाश साहू ,गणपत तारक ,जीतराम मिरी ,गुलाल साहू ,प्रीतम बंजारे ,दीपक मारकंडे ,असमंत मारकंडे ,लक्ष्मण मिरी सहित पालकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### भैंसातरा स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव



**राजिम।** भैंसातरा स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य रामनारायण मिश्रा, अध्यक्षता रूपलाल साहू पूर्व प्रधान पाठक ने किया। विशिष्ट अतिथि अंजली ध्रुव सरपंच , प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष के दिगेश्वर साहू त्रिवेणी साहू, रामू दीवान ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों ने बच्चों को गुलाल लगाकर मिठाई खिलाकर और पुस्तक वितरण कर। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत किया। संबोधन में मुख्य अतिथि रामनारायण मिश्रा ने कहा कि शिक्षा से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है अतः अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिदिन विद्यालय भेजें।अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्रधान पाठक रूपलाल ने कहा शिक्षा से गांव समाज एवं राष्ट्र का विकास होता है ।संस्था प्रमुख नेमूराम साहू, ने कहा की हमारे विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिया जाता है। विद्यालय का परिणाम हमेशा अच्छा रहता है ।इसलिए सभी पालकों आग्रह है कि अपने सभी अपने बच्चों को विद्यालय प्रतिदिन भेजें ।इस अवसर पर त्रिवेणी नेमू राम साहू प्रधान पाठक प्राथमिक शाला राम कुमार साहू, कुसुम यादव, नोहर आदि लोग उपस्थित थे।

# विधायक ध्रुव ने बच्चों को मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश कराया



**मैनपुर।** विकासखंड अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देहारगुड़ा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि विधायक जनक ध्रुव व अध्यक्षता महेश दीवान सरपंच उपस्थित थे। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री निहाल नेताम, पूर्व सरपंच देवन दीवान, पूर्व उपसरपंच पवन दीवान, विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवनाथ बघेल, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक शिवकुमार नागे, आकाशी जिला प्रभारी देवेन्द्र कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे। इसके पश्चात विद्यालय में नवप्रवेशी नौनिहाल बच्चों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा बच्चों को कॉपी, पुस्तक एवं शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई तथा मुंह मीठा कराया। मुख्य अतिथि विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है और बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजना प्रत्येक अभिभावक का कर्तव्य है। उन्होंने शासन की शिक्षा संबंधी योजनाओं की जानकारी देते हुए बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवनाथ बघेल के द्वारा भी सभा को संबोधन किया गया साथ ही कक्षा के होनहार विद्यार्थियों का मोमेंटो से स्वागत कराया गया। विद्यालय परिवार ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। प्रधान पाठक चित्रसेन पटेल,सरपंच महेश दीवान ,संकुल समन्वयक मुकेश ठाकुर, ओमप्रकाश वैष्णव,श्रीमती सुरैया टण्वीर, कान्ति लाल साहू,प्रेरणा कश्यप,पवन दीवान ,देवन नेताम के अलावा शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, शिक्षकगण, अभिभावक एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने सभी नवप्रवेशी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

### हायर सेकंडरी में शाला प्रवेश उत्सव मना



**छुईहा-बेलर।** फिंगेश्वर विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पर सदा कला में सत्र 2026-27 का साला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि र प्रबंधन समिति अध्यक्ष बालिक राम साहू ,विशिष्ट अतिथि शिक्षा अधिकारी हेमंत साहू, स्त्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा प्राचार्य एन एस ठाकुर ने की। इस कार्यक्रम के दौरान संस्था के सीनियर छात्र-छात्राओं द्वारा नव प्रवेशी बच्चों के लिए विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें कक्षा छठवीं की छात्राओं द्वारा पारंपरिक लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया तथा कक्षा 12वीं की छात्राओं द्वारा पारंपरिक बस्तर नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में नव प्रवेशी बच्चों कक्षा छठवीं वीं कक्षा नवी एवं 10वीं को पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया तथा मिडिल स्कूल के बच्चों को पाठ्य पुस्तक के साथ गणेश भी वितरण किया। कार्यक्रम में कक्षा छठवीं से लेकर कक्षा 12वीं तक के मेरिट विद्यार्थियों को कक्षा मेरिट के अनुसार सभी अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया तथा आगामी कक्षाओं में और बेहतर प्रदर्शन करने हेतु मार्गदर्शन दिया गया। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष बाली एवं साहू ने बच्चों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विकासखंड स्रोत संबंध में सुभाष शर्मा ने भी बच्चों को प्रोत्साहित किया हुआ पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने हेतु कुछ महत्वपूर्ण टिप्स दिए।

### सिवनी स्कूल में संयुक्त रूप से मनाया प्रवेशोत्सव



छुरा। उच्चतर, माध्यमिक और प्राथमिक शाला सिवनी में संयुक्त रूप से शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। प्राचार्य ज्योत्स्ना दास, माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक नंदकुमार कंवर प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक खेमू राम साहू और ग्राम पंचायत सिवनी के उपसरपंच सुलोचना नायक ने कार्यक्रम की शुरुवात की। इसके बाद 1ली, 6वीं और 9वी के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का गुलाल लगाकर मीठाई खिलाकर स्वागत किया। इसके पश्चात सभी नवप्रवेशी बच्चों को पुस्तक और गणवेश वितरित किया गया। उसके पश्चात प्राचार्य, प्रधान पाठक नंदकुमार कंवर, शंकर यद्यु, धनंजय वर्मा और पंकज साहू द्वारा विद्यार्थियों को सम्बोधित किया गया। उन्हें लगातार अध्ययन करने व विषम परिस्थितियों में लड़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही प्रतिदिन स्कूल आने के लिए कहा गया। प्राथमिक शाला के बालिकाओं द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया, उसके बाद सभी बालक बालिकाओं के लिए कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया। प्राचार्य मैडम द्वारा सभी बच्चों के लिए समोसा जलेबी की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में शिक्षकगण चंद्रकिरण साहू, देवेन्द्र सिन्हा ,सरिता कँवर, गोमती ध्रुव, एकता कोडनानी, नंदिनी बंजारे , स्वती शर्मा ,सोबिया बानो, ओंकार नायक, मो अरशद आलम, शिशिर सामल, उत्कर्ष देवांगन , लेखपाल सरोज गुप्ता भृत्य नीरा नेताम , संतराम कमार और गुलेश ध्रुव शामिल हुए। इस प्रकार प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया।

# प्रवेशोत्सव में मेधावी और नवोदय चयनित छात्रों का सम्मान





**छुरा।** नगर स्थित इंडियन पब्लिक हाई स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का उत्साहपूर्वक स्वागत करते हुए शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया तथा सत्र 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। इसके पश्चात विद्यालय में नवप्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का गुलाल लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षा में अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्कूल बैग प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं, जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनकी उपलब्धि का सम्मान किया गया।

विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि सत्र 2026-27 के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं हेतु विद्यालय के सात विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जो विद्यालय के लिए गौरव एवं उपलब्धि का विषय है। इंडियन पब्लिक हाई स्कूल विगत वर्षों से लगातार नवोदय विद्यालय में विद्यार्थियों का चयन कर उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को बनाए हुए है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत हरदी की सरपंच गोमती ध्रुव एवं उपसरपंच रुपनाथ बंजारे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पंचगण के रूप में पूर्णिमा साहू, महेश्वरी दीवान, दुलारी बाई कंवर, लता बाई कंवर, सावित्री बाई, नारायण कंवर, शैल बाई कंवर, शत्रुघ्न कंवर, कुशली बाई कंवर, जयराम साहू, रमन जगत, बिसाहिन बाई एवं नूतन साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही।

विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से तुलेश्वरी साहू, रिंकी अग्रवाल, दिनेश कुमार साहू, भेषिका सिन्हा, डिगेश कुमार साहू, लेखूराम ध्रुवा एवं लेखनारायण सोनी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रीतम साहू संचालक, रेवेन्द्र दीक्षित, शशि तिवारी सहित सभी ने योगदान दिया।

**गर्भधारण के तीन माह पश्चात शिशु में सुनने, समझने एवं ग्रहण करने की क्षमता विकसित होने लगती है**

# गायत्री जयंती और गंगा दशहरा पर गायत्री यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा पर बुधवार को गायत्री प्रज्ञा मंडल छुईहा में एक कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं पुंसवन संस्कार का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और वैदिक विधि-विधान के साथ हुआ। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. राजाराम सिन्हा, मीरा देवी सिन्हा एवं इकाई प्रमुख चेतन सिन्हा ने इस आयोजन को आध्यात्मिक एवं पारिवारिक दृष्टि से अत्यंत शुभ, मंगलकारी तथा संस्कारमय बताया।

विशेष आमंत्रण पर गायत्री चेतना केंद्र फिंगेश्वर से पुरोहित एवं शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि परमानंद महाराज ने व्यासपीठ से यज्ञ, कर्मकांड एवं षट्कर्म का संचालन किया। उन्होंने कहा कि गायत्री माता सभी वेदों की जननी तथा सद्बुद्धि, ज्ञान और विद्या की अधिष्ठात्री देवी हैं। वहीं मां गंगा पतित-पावनी स्वरूप में मानव की काया और अंतःकरण को पवित्र करने वाली दिव्य शक्ति हैं। उन्होंने पुंसवन संस्कार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह सनातन धर्म के प्रमुख सोलह संस्कारों में से एक है, जिसका उद्देश्य गर्भस्थ शिशु की शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक उन्नति तथा माता के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करना है। गायत्री मंत्र की आहुतियों के साथ संपन्न इस संस्कार से गर्भस्थ शिशु में श्रेष्ठ संस्कारों का बीजारोपण होता है तथा वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। परमानंद महाराज ने गर्भावस्था के दौरान दंपत्तियों को संयमित जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देते हुए कहा कि गर्भधारण के तीन माह पश्चात शिशु में सुनने, समझने एवं ग्रहण करने की क्षमता विकसित होने लगती है। इस काल में पति-पत्नी को ब्रह्मचर्य का पालन, सात्विक आहार-विहार तथा सकारात्मक चिंतन अपनाना चाहिए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को बाईं करवट सोने, नियमित सूर्य दर्शन एवं अर्घ्य देने, गायत्री मंत्र लेखन, योग-व्यायाम तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों की जानकारी भी दी। गंगा दशहरा के अवसर पर उन्होंने राजा भागीरथ के तप और मां गंगा के पृथ्वी पर अवतरण की प्रेरणादायक कथा सुनाई। वहीं गायत्री जयंती के संदर्भ में महर्षि विश्वामित्र तथा युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के जीवन एवं योगदान पर प्रकाश डालते हुए अनेक रोचक एवं प्रेरणादायी प्रसंग साझा किए। कार्यक्रम में यज्ञाचार्य परमानंद महाराज, खोमेश्वरी ध्रुव, पंकज ध्रुव, बृजकुंवर सिन्हा, सूर्यकांत सिन्हा, पद्मिनी ध्रुव, करीना सोनवानी, अमर सिंह सोनवानी, चमेली ध्रुव, युगल किशोर ध्रुव, लक्ष्मी सिन्हा, परमेश्वर सिन्हा, ईश्वरी तारक, भगवान सिन्हा, रानी सिन्हा, मीरा देवी सिन्हा, लीखेश्वरी सिन्हा, अंजनी ध्रुव, द्रौपती देवांगन, भूमिका सोनवानी, प्रेमिन सिन्हा, खेमीन सिन्हा सहित छुईहा, फुलझर, धुरसा एवं मुरमुरा के गायत्री परिवार के सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

**DAV MUKHYAMANTRI PUBLIC SCHOOL DEHARGUDA**
Block-Mainpur, District -Gariyaband (C.G.)

**APPOINTMENT**

Invites Applications for following Posts: Latest by 28.06.2026 on adhoc/ contractual basis

| S.No. | Name of Post | Qualification |
|---|---|---|
| 1. | PGT-PHYSICS | Post Graduation degree in concerned subject with at least 50% marks & B.Ed. |
| 2. | TGT - HINDI<br>TGT SANSKRIT | Bachelor degree in concerned subject with at least 50% marks, B.Ed. or equivalent, & CTET/ TET qualified. |
| 3. | PRT - SCIENCE<br>PRT - MATHS<br>PRT - SST<br>PRT - ENGLISH<br>PRT - MUSIC<br>PRT - SPORTS<br>PRT - COMPUTER | Bachelor degree in concerned subject with at least 50% marks, B.Ed / D.El.Ed & CTET/TET qualified. |
| 4. | MOTHER TEACHER | Graduation above 50% and B.Ed/D.El.Ed. |
| 5. | LDC | B.Com (50%) and Knowledge of tally. |

Interested candidates are required to submit their updated Resume/ Bio Data in School or by E-mail: davmmpsdeharguda@gmail.com

INTERVIEW DATE - 30.06.2026
INTERVIEW VENUE - DAV MUKHYAMANTRI PUBLIC SCHOOL DEHARGUDA BLOCK-MAINPUR, DISTRICT - GARIYABAND (C.G.)

MANAGER/PRINCIPAL, DAV MMPS, DEHARGUDA